फिलिप्पुस ने रथ में जाते हुये यीशु के विषय में बताया

बच्चों को सिखायें यीशु का शुभ समाचार सुनाना

इन सिखाने वाली क्रियाओं में से उस को चुनें जो आवश्यकता को पूर्ण करें।

अगर आसानी हो, तो बच्चे इस चित्र को उतारें

बड़े बच्चे और शिक्षक फिलिप्पुस और इथियोपियाई की कहानी **प्रेरितों के काम 8:26-40** में से पढ़ें। उसे याद करें कि पवित्र आत्मा ने कैसे फिलिप्पुस की सहायता की शुभ सामचार मसीह के विषय में उस व्यक्ति को बताने लिये जो रथ में था। वह व्यक्ति इथियोपियाई से था और पहले शास्त्रों के विषय में जानता न था।

प्रेरितों के काम 8:26-46 की कहानी पढ़ने के बाद इन प्रश्नों को **पूछें** *(उत्तर प्रश्न के बाद आयेगा)*

- फिसिप्पुस को रेगिस्तान के मार्ग पर जाने को किसने कहा? *(देखें आयत 26)*
- कितनी जल्दी फिलिप्पुस ने आत्मा की आज्ञा मानी रथ तक जाने के लिये? *(30)*
- इथियोपियाई क्या पढ़ रहा था? *(देखें आयत 30 वह यशायाह भविष्यद्वक्ता की पुस्तक पढ़ रहा था जो वर्षो पूर्व रहता था यशायाह 5:3)*
- इस पाठ में किस भविष्य की भविष्यवाणी के बारे में बताता है? *(देखें प्रेरितो के काम 8:32; वह यीशु के बारे में थी जो मरा उस भेड़ की तरह जो वध होने को जाती है)*
- कितनी जल्दी फिलिप्पुस ने इथियोपियाई को बपतिस्मा दिया *(देखें आयत 38)*

फिलिप्पुस और इथिसोपियाई की कहानी का नाटक करें

- मुख्य सभा के अगुवा के साथ मिलकर इस नाटक को प्रस्तुत करने की तैयारी करें। बच्चों के साथ अपने समय का उपयोग करें इस नाटक को तैयार करने के लिये।
- **बड़े बच्चे** या बालिग इस भाग को करें :
  वर्णन करने वाला: कहानी का सारांश निकालें और बच्चों को याद करने में सहायता करें।
  फिलिप्पुस

छोटे बच्चे इन भागों को करने दें:
इथियोपियाई
घोड़े (एक और दो)
आवाज़ (प्रभु की आत्मा की)

वर्णन करने वाला : कहानी का पहला भाग प्रेरितों के काम 8:26-35 में से बतायें। कहें "सुनो कि स्वर्गदूत फिलिप्पुस से क्या कहता है।"

आवाज़ : फिलिप्पुस रेगिस्तान की राह पर जा। उठ जा वह रथ तुझे दिखता है? उसके पास जा।

घोड़े : दो कुर्सियों के सामने खड़े होना दिखायेगा एक रथ को धोडों की तरह धुमने का नाटक करें।

इथियोपिआ : (एक कुर्सी पर बैठे हुये) पढ़े यशायाह 53:7-8
कहें, "मुझे समझ में नहीं आ रहा है ये भेड़ का बच्चा कौन है?"

फिलिप्पुस : "मैं समझाऊँगा" (दूसरी कुर्सी पर बैठते हुये) ये पुरानी भविष्यवाणी यीशु के विषय में है जो भेड़ के बच्चे की तरह हमारे लिये वध हुआ।

वर्णन करने वाला : कहानी का दूसरा भाग प्रेरितों के काम 8:36-40 में से बतायें कहें, "सुने कि इथियोपिआ क्या कहता है।"

इथियोपियआ : "देख यहाँ पर पानी है। क्या चीज़ मुझे बपतिस्मा लेने से रोक सकती है?

फिलिप्पुस : "अगर तुम विश्वास करते हो यीशु पर अपने पूर्ण हृदय से तब तुम बपतिस्मा ले सकते हो।"

इथियोपिआ : "वाह घोड़े! रूक!"

घोड़े : हिनहिनाने की आवाज़ निकालें। घोड़ों की तरह अभिनय करें दोनो आगे की टाँगे ऊपर मे उठाते हुये।

फिलिप्पुस : (इथियोपिआ के साथ किनारे पर जाने का भाग करें और बपतिस्मा देने को दिखावा करना। फिर भागना और छिप जाना)

इथियोपिआ : "वह व्यक्ति कहाँ है? उसने मुझे बपतिस्मा दिया और छिप गया!"

वर्णन करने वाला या बड़ा बच्चा : उन सब को धन्यवाद करो जिन्होंने नाटक में सहायता की।

अगर बच्चे बड़ों के लिये ये नाटक खेलते हैं तब....

- बच्चे वे प्रश्न भी पूछें जो ऊपर दिये गये हैं।
- बड़ा बच्चा श्रोताओं से ये भी पूछे, "यीशु के बारे में बात करने के लिये प्रेरित करती हैं?"
- लोग उदाहरण दें।

एक चित्र बनायें रेगिस्तान में जाता हुआ एक मार्ग इस तरह

- बच्चों को ये चित्र उतारने दें और बच्चे इस चित्र को अपने माता पिता को दिखायें, और उन श्रोताओं को अगली आराधना सभा में।
- एक घोड़ा बनाये जो गाड़ी को खींच रहा है और दो व्यक्ति उसके अन्दर हैं।
- बड़े बच्चे छोटों की सहायता करें।

याद करें यूहन्ना 3:16

कविता: तीन बच्चे कविता की तरह आयतें सुनाये यशायाह 53:6-8

कुछ बड़े बच्चे फिलिप्पुस के विषय में कविता और गीत लिखना चाहेंगे।

प्रार्थना : "पिता, हम आपकी आत्मा की अगुवाई में चलना चाहते हैं। कृपया हमें उन लोगों तक ले जायें जो शुभ समाचार सुनने को तैयार हैं। हमें बाइबल की कहानियाँ याद रखने में सहायता करें ताकि हम आपके बेटे यीशु के विषय में उन्हें बता सकें। हम चाहते हैं कि प्रत्येक उस महत्वपूर्ण बातों को जाने जो आपने हमारे लिये की"